मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 10, मुंबई, बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# पुलवामा के बाद पहलगाम में सबसे बड़ा आतंकी हमला

# 28 पर्यटकों की मौत

## प्रधानमंत्री मोदी सऊदी का दौरा छोड़ भारत लौटे, पहलगाम हमले को लेकर एनएसए और विदेश मंत्री के साथ एयरपोर्ट पर ही की बैठक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**श्रीनगर।** पहलगाम में बड़े आतंकी हमले ने कश्मीर ही नहीं पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। आतंकियों ने 28 सैलानियों की नृशंस हत्या की है। इस घटना के बाद से कश्मीर में जहां दहशत का माहौल है तो वहीं हर तरफ हमले की निंदा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपना सऊदी अरब का दौरा रद्द कर भारत आ गए हैं। इस हमले के विरोध में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने कश्मीर में पूर्ण बंद का आह्वान किया है। पहलगाम में आतंकी घटना के बाद सैलानियों समेत आम लोगों में भी दहशत फैल गई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)




**कश्मीर में बंद का ऐलान, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की अपील**

## हमले के 2 घंटे बाद कश्मीर की मस्जिदों से उठी ललकार, पाकिस्तान की उड़ी नींद

हमले के दो घंटे बाद कश्मीर की मस्जिदों से एक अहम संदेश गूंजा। इसमें कहा गया कि पहलगाम में हुआ हमला न सिर्फ इस्लाम, बल्कि इंसानियत के भी खिलाफ है। आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता, और यह हमला कश्मीर की अमन और भाईचारे की फिजा को बिगाड़ने की साजिश है। कश्मीर हम सभी का साझा घर है, और हम इसे आतंकवादियों के हाथों नहीं जाने देंगे। कश्मीर के धार्मिक नेताओं ने पर्यटकों के प्रति एकजुटता जाहिर की और सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि इस तरह की कायराना हरकत करने वालों को किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जाना चाहिए।

**दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए जघन्य और मूर्खतापूर्ण हमले से मैं बहुत स्तब्ध और दुखी हूँ।** कश्मीर की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे निहत्थे नागरिकों को निशाना बनाकर की गई हिंसा की यह क्रूर घटना मानवता का अपमान है और शांति और सम्मान पर हमला है। मैं इस कायरतापूर्ण और बर्बर कृत्य की कड़ी निंदा करता हूँ। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ उन लोगों के परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपनी जान गंवाई और जो घायल हुए हैं। कोई भी कारण ऐसी क्रूरता को उचित नहीं ठहरा सकता है और जो लोग इसके लिए ज़िम्मेदार हैं उन्हें बिना देरी किए न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।






## सस्ता फ्लैट दिलाने के नाम पर

# 81 लाख की ठगी

## बेटा गिरफ्तार, मां फरार

## बैंक के नोटिस से हुआ खुलासा

## शेयर कारोबारी से की गई धोखाधड़ी

SECURED LOAN

| Borrower | Bank name | type | Loam amt | EMI | Tenure in month | Start date | address |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SUDHIR KISHOR MASAND / RASHMI KISHOR MASAND | ADITYA BIRLA HOUING FINANCE LTD. | HL | 1,84,570 | 1,661 | 240 | 12/30/2022 | FLAT NO 301, 3RD FLOOR , A WING, SHREEJI ATLANTIS , GAUTAM BUDHA MARG, OPP ORLEM CHURCH MALAD WEST 400064 |
| SUDHIR KISHOR MASAND / RASHMI KISHOR MASAND | ADITYA BIRLA HOUING FINANCE LTD. | HL | 1,74,58,000 | 1,57,075 | 240 | 02/03/2023 | FLAT NO 301, 3RD FLOOR , A WING, SHREEJI ATLANTIS , GAUTAM BUDHA MARG, OPP ORLEM CHURCH MALAD WEST 400064 |
| RASHI MARKETING | UGRO CAPITAL LIMITED - SECURED LOAN | HL | 1,34,65,000 | 1,70,789 | 144 | 10/03/2022 | Shop no 2 Minson house csno 6/111Mandvi division 92 lokmanya tilak road Opp Crawford market Mumbai 400003 Opp Crawford market Mumbai |
| RASHI MARKETING | TATA CAPITAL FINANCIAL SERVICES LIMITED | LAP | 1,51,50,000 | 1,60,954 | 193/194 | 12/05/2022 | s'ho-p No 8, Ground Floor, A Wing, Shiv om CHS Ltd:. ch:an'divali Farm Road, Chandivall Andheri East Mumbai 400072 |
| SUDHIR KISHORE MASAND | DCB BANK | LAP | 1,86,00,000 | 2,03,865 | 189 / 192 | 02/28/2013 | FLAT NO.201,2ND FLOOR, MAHESH KUTIR, PLOT NO.146, 14TH ROAD, CHEMBUR MUMBAI |
| SUDHIR KISHORE MASAND | DCB BANK | LAP | 71,35,000 | 75,586 | 140 | 11/04/2017 | FLAT NO.201,2ND FLOOR, MAHESH KUTIR, PLOT NO.146, 14TH ROAD, CHEMBUR MUMBAI |
| SUDHIR KISHORE MASAND | DCB BANK | LAP | 42,80,000 | 1,36,601 | 37/49 | 10/04/2021 | FLAT NO.201,2ND FLOOR, MAHESH KUTIR, PLOT NO.146, 14TH ROAD, CHEMBUR MUMBAI |
| SUDHIR KISHORE MASAND | ICICI HFCL. | LAP | 61,00,000 | 66,586 | 226 | 12/05/2018 | FLAT NO-1102,11TH FLOOR, A WING EVERSHINE COSMIC BLDF ANDHERI WEST MUMBAI 400102 |
| SUDHIR KISHORE MASAND | ICICI HFCL. | HL | 2,65,00,000 | 2,69,669 | 241 | 02/05/2018 | FLAT NO-1102,11TH FLOOR, A WING EVERSHINE COSMIC BLDF ANDHERI WEST MUMBAI |

UNSECURED BUSINESS LOANS

| Borrower | Bank name | Loam amt | EMI | Tenure in month | Start date |
|---|---|---|---|---|---|
| RASHI MARKETING | AXIS BANK | 35,00,000 | 1,23,915 | 36 | 07/20/2023 |
| RASHI MARKETING | FEDBANK | 25,00,000 | 88,511 | 36 | 06/28/2023 |
| RASHI MARKETING | IDFC FIRST BANK | 40,80,000 | 1,45,464 | 36 | 06/27/2023 |
| SUDHIR KISHORE MASAND | TATA CAPITAL | 30,00,000 | 1,07,706 | 36 | 02/03/2023 |
| RASHI MARKETING | CLIX CAPITAL | 19,55,671 | 70,702 | 36 | 12/30/2022 |
| RASHI MARKETING | BAJAJ FINANCE | 30,61,107 | 1,10,684 | 36 | 12/23/2022 |
| RASHI MARKETING | ADITYA BIRLA CAPITAL | 30,00,000 | 1,06,959 | 36 | 09/05/2023 |
| RASHI MARKETING | UGRO CAPITAL | 25,15,523 | 90,942 | 36 | 02/03/2024 |
| RASHI MARKETING | FULLERTON INDIA | 19,64,580 | 72,982 | 36 | 12/31/2022 |
| RASHI MARKETING | ATUL ADANI FINANCIAL SERVICES | 50,00,000 | 2,50,000 | 10 | 01/25/2024 |
| RASHI MARKETING | INSTA CAPITAL | 39,60,000 | 3,30,000 | 6 | 01/18/2024 |
| RASHI MARKETING | KISETSU SAISON FINANCE | 30,60,000 | 1,10,627 | 36 | 02/03/2024 |

**मुंबई।** अंधेरी इलाके में एक शेयर बाजार कारोबारी को कम दाम में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर 81 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। अंबोली पुलिस ने इस मामले में सुधीर मसंद नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसकी मां रश्मि मसंद अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, दोनों मां-बेटे ने मिलकर इस ठगी को अंजाम दी है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

### आरोप और जवाबी आरोप

**चुनावों के स्वतंत्र या निष्पक्ष रहने को लेकर विपक्षी दलों के मन में संदेह गहराता चला गया है। मगर उसको लेकर कोई एकजुट रणनीति बनाने या जन-जागरूकता के अभियान में जुटने की बात उनके दिमाग में नहीं आई है।**

राहुल गांधी फिर विदेश में हैं और वहां उन्होंने देश के हालात के बारे में बयान दिए हैं। फिर भाजपा ने उसको लेकर उन पर हमले किए, जो मेनस्ट्रीम मीडिया में तीखी बहस का मुद्दा बना है। अब यह एक पैटर्न बन चुका है। भाजपा का पहला मुद्दा यह होता है कि विपक्ष के नेता ने विदेश की धरती पर जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की। इस पर कांग्रेस का जवाब भी चिर-परिचित है। वो यह कि ये सिलसिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया। जब विवाद छिड़ता है, तो कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल्स मोदी के विभिन्न देशों में दिए पुराने भाषणों के अंश साझा करने लगते हैं, जिनमें मोदी अपने शासनकाल से पहले के भारत को लांछित करते सुने जाते हैं। फिलहाल गांधी अमेरिका में हैं। वहां उन्होंने आरोप लगाया कि भारत का निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं रह गया है। अपनी बात की पक्ष में उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा के पिछले चुनाव का उल्लेख किया। वहां मतदाता सूची में हेरफेर और मतदान के आखिरी दो घंटों में दर्ज मतदान की संख्या में असामान्य (उनके शब्दों में कहें तो व्यावहारिक रूप से असंभव) बढ़ोतरी का इल्जाम लगाया। ऐसा नहीं है कि ये बातें उन्होंने पहली बार कही हों। मगर भाजपा का मुद्दा यह है कि ऐसा उन्होंने विदेश की धरती पर जाकर ऐसा कहा। भाजपा का जवाब वही है, जो गांधी के भारत में लगाए गए आरोप पर रहा है। तो साफ है कि ना तो आरोप में कुछ नया है, ना कोई नया जवाब है। फिर भी माहौल गरमाया है। यह आज की भारतीय राजनीति में बने गतिरोध का सूचक है। चुनावों के स्वतंत्र या निष्पक्ष रहने को लेकर विपक्षी दलों के मन में संदेह गहराता चला गया है। मगर उसको लेकर कोई एकजुट रणनीति बनाने या जन-जागरूकता के किसी अभियान में जुटने की बात उनके दिमाग में नहीं आई है। सारी बातें सोशल मीडिया या अधिकतम मेनस्ट्रीम मीडिया तक सीमित रह जाती हैं। सत्ता पक्ष के लिए सुविधाजनक स्थिति है। मगर मीडिया पर गरमाहट बनाए रखने में वह जुटा रहता है, ताकि जो गोलबंदी उसने की है, वह कायम रहे।

# कानपुर में ट्रेन से कट मरा बेटियों द्वारा बेज्जती से आहत पिता, घर में कोहराम


**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**कानपुर।** जिन बेटियों को पालपोस कर बड़ा किया। जीवन भर की जमा पूंजी खर्च करके उनके लिए जीवन साथी का बंदोबस्त किया। उन्हीं बेटियों द्वारा दिए गए जवाब ने एक व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया। यह घटना काका देव थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक पांडुनगर नहर पटरी किनारे बस्ती निवासी राजकुमार सोनकर (50) प्राइवेट नौकरी करते थे। घर में पत्नी ममता, दो बेटियां डॉली और मुस्कान हैं।पत्नी ममता ने मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि रात को पति की बेटियों से कहासुनी हो गई थी। जिस पर डाली और मुस्कान ने उनका काफी भला बुरा कहा था, जबकि पिता राजकुमार को यकीन था कि उसकी दोनों बेटियां उसे कोई जवाब नहीं देंगी। बेटियों द्वारा इस तरह से बेइज्जत किए जाने से आहत होकर ही राजकुमार आत्महत्या करने की धमकी देकर घर से निकल गए थे, लेकिन जब देर रात नहीं नहीं लौटे। उनका सभी जगह तलाश के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। सुबह गुमशुदगी दर्ज कराने काकादेव थाने पहुंचे, जहां थाने में फोटो, पर्स और दस्तावेजों से पहचान की। घटना के बाद परिवार में कोहराम भी मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार घटना की वजह पारिवारिक कलह ही है, जिसकी जांच की जा रही है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तापमान को खतरा?

**इन्टरनेशनल एनर्जी एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक टेक कंपनियों के डेटासेंटर्स में बिजली की खपत वर्तमान की तुलना में दुगुनी हो जाएगी, जबकि आर्टफिशल इन्टेलिजन्स से जुड़े डेटासेंटर्स में यह मांग चार गुना अधिक होगी वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर डेटासेंटर्स में बिजली की खपत इतनी होगी जितना आज पूरे जापान की बिजली खपत है रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में एक डेटासेंटर में जितनी बिजली की खपत है, उससे लगभग एक लाख घरों के बिजली की खपत पूरी की जा सकती है**



वर्ष 2024 में क्लाइमेट एक्शन अगेंस्ट डिसइनफार्मेशन नामक वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों के एक समूह ने दुनिया को सचेत किया था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में टेक कंपनियों के पर्यावरण सुरक्षा के दावे भ्रामक और गलत हैं और इसके बढ़ते उपयोग के कारण तापमान बृद्धि करने वाली ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से बढ़ोत्तरी होगी और साथ ही तापमान बृद्धि के विज्ञान और प्रभाव से सम्बंधित भ्रामक जानकारियों का तेजी से विस्तार होगा यह चेतावनी, द एआई थ्रेट्स टू क्लाइमेट चेंज, नामक रिपोर्ट के माध्यम से दी गयी गई है क्लाइमेट एक्शन अगेंस्ट डिसइनफार्मेशन के साथ ग्रीनपीस, फ्रेंड्स ऑफ द अर्थ, चेक माय एड्स और केरोस जैसी पर्यावरण सुरक्षा में संलग्न संस्थाएं भी जुड़ी हैं

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाली टेक कम्पनियों के साथ ही तमाम सरकारें, अन्तराष्ट्रिय ऊर्जा संस्थान और संयुक्त राष्ट्र भी पर्यावरण संरक्षण के नाम पर इसे बढ़ावा दे रहा है वैज्ञानिकों का एक वर्ग भी प्रचारित कर रहा है कि पर्यावरण संरक्षण के काम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत मदद कर सकता है इससे वनों के काटने की दर, प्रदूषण उत्सर्जन, मौसम की सटीक जानकारी इत्यादि विषयों पर जल्दी और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकती है इस समय भी अफ्रीका में सूखे का आकलन और ध्रुवों पर बर्फ के पिघलने की दर का अध्ययन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से किया जा रहा है

गूगल के एआई प्रोग्राम, जिसे पहले बार्ड के नाम से और अब जेमिनी के नाम से जाना जाता है, पर्यावरण संरक्षण में एआई के योगदान की वकालत करता रहा है जेमिनी की मदद से पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक अध्ययन भी किये जा रहे हैं वर्ष 2023 में गूगल के सस्टेनेबिलिटी विभाग ने प्रचारित किया था कि पर्यावरण संरक्षण में केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देकर वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन वर्ष 2030 तक 10 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है

इसके बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े अनेक वैज्ञानिकों ने गूगल के इस दावे को हास्यास्पद और भ्रामक बताया है इन वैज्ञानिकों के अनुसार पर्यावरण संरक्षण में एआई के अत्यधिक उपयोग के बाद इससे सम्बंधित डेटा सेंटर्स की संख्या दुगुनी करनी पड़ेगी और इस कारण उर्जा की खपत बढ़ेगी इस उर्जा के उत्पादन के कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऊर्जा संरक्षण की तमाम प्रौद्योगिकी को अपनाने के बाद भी 80 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी अमेरिका में एआई के बढ़ते उपयोग के कारण उर्जा की मांग बढ़ती जा रही है, जिसे पूरा करने के लिए बंद किये जाने वाले कोयले से चलने वाले ताप-बिजली घर अभी तक चलाये जा रहे हैं एक अध्ययन के अनुसार अगले तीन वर्षों में, यानि 2027 तक, एआई से सम्बंधित डेटा सेंटर्स में बिजली आपूर्ती के कारण ग्रीनहाउस गैसों का जितना उत्सर्जन होगा, उतना उत्सर्जन पूरे नीदरलैंड से उत्पन होता है एआई से सम्बंधित डेटा सेंटर्स अत्यधिक जटिल होते हैं और इनमें बिजली की खपत अधिक होती है कम्प्यूटर द्वारा किसी विषय पर सामान्य तरीके से जानकारी हासिल करने की तुलना में एआई द्वारा उसी जानकारी को हासिल करने में बिजली की खपत 10 प्रतिशत तक बढ़ जाती है इन्टरनेशनल एनर्जी एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक टेक कंपनियों के डेटासेंटर्स में बिजली की खपत वर्तमान की तुलना में दुगुनी हो जाएगी, जबकि आर्टफिशल इन्टेलिजन्स से जुड़े डेटासेंटर्स में यह मांग चार गुना अधिक होगी वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर डेटासेंटर्स में बिजली की खपत इतनी होगी जितना आज पूरे जापान की बिजली खपत है रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में एक डेटासेंटर में जितनी बिजली की खपत है, उससे लगभग एक लाख घरों के बिजली की खपत पूरी की जा सकती है जितने नए, डेटासेंटर्स पर काम चल रहा है, उनमें से अनेक ऐसे हैं जिनमें बिजली की खपत वर्तमान की तुलना में 20 गुना अधिक होगी अमेरिका में स्थिति यहाँ तक पहुँच गई है कि सभी डेटासेंटर्स में बिजली की सम्मिलित खपत वहाँ के सभी स्टील, सिमेन्ट, रसायन और दूसरे उत्पादों के उद्योगों की सम्मिलित बिजली खपत से भी अधिक पहुँच गई है डेटासेंटर्स में बिजली की कुल खपत में से लगभग 50 प्रतिशत की आपूर्ति नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोतों से की जा रही है, पर शेष आपूर्ति के लिए कोयले से चलने वाले बिजलीघरों से की जा रही है, जो वैश्विक तापमान बृद्धि का मुख्य कारण है एक गैर सरकारी संस्था, एम्बर, की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया में कम कार्बन उत्सर्जन वाली नवीनीकृत और परमाणु ऊर्जा से कुल वैश्विक बिजली उत्पादन में से 41 प्रतिशत का उत्पादन किया गया और नवीनीकृत ऊर्जा का उपयोग तेजी से बढ़ता जा रहा है लेकिन वर्ष 2024 में ही विद्युत उत्पादन के लिए कोयले के उपयोग में 1.4 प्रतिशत की बृद्धि दर्ज की गई, जिससे कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन में 1.6 प्रतिशत की बृद्धि आँकी गई है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंबई में ऑल इंडिया कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट की अहम स्टेट एग्जीक्यूटिव मीटिंग का इनकाद

# मुंबई मॉयनॉरीटी काँग्रेस कमिटी की ओर से प्रभारी अहमद खान का भव्य सत्कार

**मुंबई।** ऑल इंडिया कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के चेयरमैन जनाब इमरान प्रतापगढ़ी साहब की हिदायत पर रविवार तारीख 20 अप्रेल को मुंबई कांग्रेस कमिटी के हेडक्वार्टर में महाराष्ट्र और मुंबई कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट प्रभारी अहमदखान की अध्यक्षता मे राजीव गांधी भवन मे एक अहम स्टेट एग्जीक्यूटिव मीटिंग मुनकि द हुई। इस मीटिंग की सरपरस्ती डिपार्टमेंट के इंचार्ज जनाब अहमद खान साहब ने फरमाई। इस मीटिंग में जहां एक तरफ आने वाले बीएमसी इंतेखाबात की हिकमत-ए-अमली पर गौर-फिक्र किया गया। वहीं दूसरी तरफ वक़्फ बोर्ड के मसाइल, माइनॉरिटी समाज के हुकूक, बुनियादी जरूरतें और सियासी हिस्सेदारी जैसे अहम उमूर पर तफसील से बहस हुई। मुंबई कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के सदर हाजी इब्राहीम भाईजान ने अपने खिताब में कहा कि पार्टी को मजीद मजबूत बनाने की जरूरत है और माइनॉरिटी समाज के लिए तालीम, रोजगार



और सियासी बेदारी आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हुकूक की आवाज को बुलंद करने के लिए हर शख़्स को आगे आना होगा। सीनियर कांग्रेस लीडर कय्यूम तंबोली ने अपने शायराना अंदाज में कहा:₹अब वक़्त आ गया है कि हर तबका अपने हिस्से का किरदार अदा करे और कांग्रेस के प्लेटफॉर्म से अपनी आवाज बुलंद करे। उनकी तकरीर ने मौजूद कार्यकर्ताओं में एक नया जोश और यक ीन पैदा किया। महाराष्ट्र के प्रभारी जनाब अहमद खान साहब ने तमाम पदाधिकारीयों के ख्यालात को गौर से सुनने के बाद, पाँच अहम बिंदुओं पर बात रखी। जिसमें बीएमसी चुनाव की तैयारी, वक़्फ मसाइल, माइनॉरिटी हुकूक, बुनियादी जरूरतें, और राज्यपाल से मुलाकात शामिल थी। उन्होंने कहा कि:₹यह जद्दोजहद सिर्फ. सियासी नहीं, बल्के हमारी समाजी पहचान की लड़ाई भी है। मुंबई कांग्रेस की जानिब से इस्तकबाल:इस मौके पर मुंबई कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के सदर हाजी इब्राहीम भाईजान और उनकी टीम ने जनाब अहमद खान साहब का शाल ओढ़ाकर और गुलदस्ता पेश कर के पुरजोश इस्तकबाल किया। यह लम्हा बेहद पुरअसर और मोहब्बत से भरपूर रहा, जिसमें पूरे हॉल में तालियों की गूंज सुनाई दी। मीटिंग में शामिल अहम शख्सियात:इस मीटिंग में कई अहम ज़िम्मेदार शामिल हुए, जिनमें:सीनियर लीडर व नायब सदर जनाब कय्यूम तंबोली मॉयनॉरीटी के सरचिटणीस और एडिटर जफर सिद्दीकी सादिक खानउत्तर मुंबई के जिलाध्यक्ष सरवर खान, ईशान्य मुंबई से समीर अख़्तर,उत्तर-पश्चिम जोन से सिकंदर आजम, दक्षिण मुंबई से शमीम अंसारी, इसके अलावा लिगल डिपार्टमेंट एडवोकेट तौसिफ, महासचिव, ईरशाद काजी, हाजी रफीक, सचिव और तालुका अध्यक्षों की बड़ी तादाद में शिरकत ने इस मीटिंग की अहमियत में मजीद इजाफा कर दिया। नतीजा:यह मीटिंग माइनॉरिटी समाज की आवाज को बुलंद करने, कांग्रेस के तनजीमी ढांचे को मजबूत करने और आने वाले इंतेखाबात की तैयारी को मजीद फआल बनाने की जानिब एक बड़ा कदम साबित हुई।


# स्पर्श सीसीटीवी ने भारत में एसटीक्यूसी प्रमाणन के साथ नेतृत्व शुरू किया

**मुंबई।** भारत की अग्रणी सीसीटीवी कैमरा और इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा समाधान निमार्ता स्पर्श ने आज घोषणा की कि वह भारत की पहली कंपनी बन गई है जिसने अपने सबसे विस्तृत सीसीटीवी उत्पाद पोर्टफोलियो के लिए एसटीक्यूसी (स्टैंडर्डाइजेशन टेस्टिंग एंड क्वालिटी सर्टिफिकेशन) प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उस समय हासिल की गई है जब भारत सरकार ने 9 अप्रैल 2025 से सभी आईपी सीसीटीवी कैमरों की बिक्री के लिए एसटीक्यूसी प्रमाणन अनिवार्य कर दिया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि स्पर्श की गुणवत्ता, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत की पहल के प्रति शुरूआती प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जहां नए नियम अब सभी सीसीटीवी कैमरों के लिए एसटीक्यूसी प्रमाणन को कानूनी रूप से आवश्यक बनाते हैं, वहीं स्पर्श का अग्रसक्रिय दृष्टिकोण इसे प्रमाणित समाधान प्रदान करने वाले पहले ब्रांड के रूप में स्थापित करता है, जिससे इसके ग्राहकों और भागीदारों को किसी



भी प्रकार की रुकावट का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्पर्श सीसीटीवी के प्रबंध निदेशक श्री संजीव सहगल ने कहा, स्पर्श को गर्व है कि वह विश्व की पहली सीसीटीवी निर्माता कंपनी है जिसने अपने व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो के लिए एसटीक्यूसी प्रमाणन प्राप्त किया। यह प्रमाणन हमारे स्वदेशी डिजाइन, सख्त निर्माण मानकों और उच्च गुणवत्ता वाले सुरक्षित निगरानी समाधानों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे-जैसे उद्योग इस नए नियामक परिदृश्य के अनुसार ढल रहा है, स्पर्श पहले से ही प्रमाणित उत्पादों की सबसे बड़ी श्रृंखला के साथ तैयार है। स्पर्श की यह उपलब्धि झ अपने व्यापक सीसीटीवी उत्पादों के लिए एसटीक्यूसी प्रमाणन - यह सुनिश्चित करती है कि व्यवसाय, सरकारी संस्थाएं और आम उपभोक्ता निश्चितता के साथ एक भरोसेमंद भारतीय निमार्ता का चयन कर सकें, जिसके सभी उत्पाद पूरी तरह से अनुपालित और विश्वसनीय हैं। यह प्रमाणन विभिन्न अनुप्रयोगों और क्षेत्रों के लिए उपयुक्त कई प्रकार के आईपी कैमरों को शामिल करता है। यह विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अब पुराने या गैर-प्रमाणित कैमरे भारत में बिक्री के लिए अयोग्य घोषित कर दिए गए हैं - चाहे वह कॉर्पोरेट क्षेत्र हो, सरकारी खरीद हो या खुदरा ग्राहक।

# पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला दुर्भाग्यपूर्ण : सुमय्या अली



**पहलगाम** में जो हमला हुआ है इस पर सुमय्या अली राष्ट्रीय अध्यक्ष नारी शक्ति सेवा फाउंडेशन इन्होंने कहा है की ये हमला मानवता को शर्मसार करने वाला हमला है नारी शक्ती फाउंडेशन इस हमले का निषेध करता है इस तरहा नियत्ते और बेकसुर पर्यटक पर हमला करना उनको जान से मार देना बहोत शर्मनाक है इस तरह हमला करने वालों का कोई धर्म मजहब नही होता ऐसे लोगो को कड़ी से कड़ी शिक्षा मिलनी चाहिये केंद्र सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और इस तरह से बेकुसुर लोगो की जाने ना जाये इसके लिए सरकार प्रभल कदम उठाये।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## सस्ता फ्लैट दिलाने के नाम पर 81 लाख की ठगी

अंधेरी में रहने वाले 40 वर्षीय मुजाहिदवली खान शेयर बाजार में निवेश करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने प्रॉपर्टी में निवेश करने की योजना बनाई और इसी सिलसिले में अपने परिचित प्रॉपर्टी एजेंट विजय शर्मा की मदद से अंधेरी के कुरैशी कंपाउंड स्थित एवरशाइन कॉस्मिक अपार्टमेंट के 11वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट देखा। यह फ्लैट सुधीर और उसकी मां रश्मि मसंद का बताया गया। फ्लैट खान दंपती को पसंद आया और उन्होंने लगभग 3.75 करोड़ रुपये में सौदा तय कर लिया। तय रकम में से उन्होंने 65 लाख रुपये नकद और बाकी चेक से देने की बात की। इसके अलावा अन्य खर्चों को मिलाकर उन्होंने कुल 81 लाख 32 हजार रुपये का भुगतान किया और जोगेश्वरी स्थित रजिस्ट्रेशन कार्यालय में फ्लैट का रजिस्ट्रेशन भी अपने नाम करवा लिया।

### ठगी का हुआ खुलासा

रजिस्ट्रेशन के बाद भी जब मसंद परिवार ने फ्लैट के दस्तावेज खान दंपती को नहीं सौंपे, तो उन्हें शक हुआ। जब उन्होंने निजी तौर पर जांच करवाई, तो हैरान करने वाला सच सामने आया–जिस फ्लैट का सौदा उन्होंने किया, उस पर पहले से ही बैंक का होम लोन चल रहा था। लोन की किस्तें लंबे समय से जमा नहीं होने के कारण बैंक ने सुधीर मसंद को रिकवरी नोटिस भी जारी किया था। चूंकि फ्लैट का रजिस्ट्रेशन अब खान के नाम हो चुका था, इसलिए बैंक ने लोन की वसूली के लिए खान से ही संपर्क करना शुरू कर दिया। जब उन्होंने सुधीर से इस बारे में बात करनी चाही, तो वह लगातार टालमटोल करता रहा और अंततः उसका फोन बंद आने लगा।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

इस धोखाधड़ी से परेशान होकर खान ने अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुधीर मसंद को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, इस मामले में सह आरोपी उसकी मां रश्मि मसंद फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### जांच जारी

पुलिस का कहना है कि यह एक सोची-समझी साजिश हो सकती है और अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की ठगी की गई हो सकती है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस ठगी के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क है।

## पहलगाम में सबसे बड़ा आतंकी हमला

रोजाना सुबह जिन स्थानों पर सैलानियों की भीड़ देखने को मिलती थी, वहां आज सन्नाटा पसरा रहा। हर तरफ अजीब से खामोशी देखने को मिली। सुरक्षा बलों और पुलिस तैनात कर दी गई है। पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद चैंबर एंड बार एसोसिएशन ने बुधवार को पूर्ण बंद का आह्वान किया है। बंद को जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने भी अपना समर्थन दिया है। पार्टी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा है कि पार्टी अध्यक्ष के निर्देश पर जेकेएनसी ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए बंद के सामूहिक आह्वान में शामिल होने का निर्णय लिया है। हम जम्मू-कश्मीर के लोगों से अपील करते हैं कि धार्मिक और सामाजिक नेताओं की तरफ किए गए बंद का समर्थन कर इसे सफल बनाएं। पीडीपी ने भी इस बंद का समर्थन किया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए पूर्ण बंद का समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा, चैंबर एंड बार एसोसिएशन जम्मू ने पर्यटकों पर हुए इस आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को पूर्ण बंद का आह्वान किया है।

कर्नाटक के सीएम ने पुलिस को दिए कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने के निर्देश

# वायुसेना अधिकारी से जुड़े रोडरेज के मामले में जांच में सहयोग करती वायुसेना

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस और एक कॉल सेंटर के कर्मचार विकास कुमार के बीच रोडरेज की घटना पर एक ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने वायुसेना के अधिकारी के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर वायुसेना ने मंगलवार को एक बयान जारी राज्य प्रशासन को मामले में सहयोग देने की बात कही है।

पुलिस ने विंग कमांडर शिलादित्य के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर शुरू की जांच

वायुसेना के मुताबिक, बेंगलुरु में बीते सोमवार को वायुसेना के एक अधिकारी से जुड़ा हुआ दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। जिसमें कानून के तहत उचित समाधान के लिए वायुसेना स्थानीय प्राधिकारियों को जांच में सहयोग कर रही है।

उधर, सूत्रों ने बताया कि पुलिस की जांच खत्म होने के बाद वायुसेना, विंग कमांडर शिलादित्य बोस के संबंध में आंतरिक जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) करेगी। लेकिन उसके लिए अधिकारी के तैनाती बेस के कमांडिंग अधिकारी (सीओ) द्वारा वायुसेना को सिफारिश किया जाना अनिवार्य है। बताते चलें कि यह पूरा मामला पिछले सोमवार सुबह का है। जिसके बारे में वायुसेना के अधिकारी ने खुद सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट कर जानकारी दी थी।

उन्होंने बताया, 21 अप्रैल को सुबह 6 बजे बेंगलुरु के केंपेगौड़ा हवाई अड्डे की तरफ अपनी पत्नी के साथ जाते वक्त कुछ कन्नड़ भाषी लोगों के एक समूह ने उनका पीछा किया और गाली गलौज के साथ मारपीट की। पोस्ट के जवाब में पुलिस ने विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन 22 अप्रैल को कॉल सेंटर कर्मचारी विकास कुमार की शिकायत पर पुलिस ने विंग कमांडर के खिलाफ हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की।

वायुसेना बोस के संबंध में सीओआई करेगी



### लोगों संग सम्मान से पेश आते कर्नाटकवासी

सिद्धारमैया ने कहा, कर्नाटक में देशभर के लोगों को गले लगाने, उनके साथ सम्मान से पेश आने और उन्हें अपने लोगों की तरह स्वीकार करने की लंबी और गौरवशाली परंपरा है। इस भूमि की समावेशी भावना इतिहास में अच्छी तरह से प्रलेखित है। मुख्यमंत्री ने कुछ मीडिया आउटलेट्स की कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी और पेशेवर नैतिकता की अनदेखी करते हुए एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए निराधार आरोप को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया है, जिससे पूरे प्रदेश की गरिमा पर आंच आई और उससे हर कन्नड़ व्यक्ति को दुख और पीड़ा हुई है।

### संकीर्ण, असहिष्णु नहीं हैं कन्नड़जन

मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक्स पोस्ट में स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने पुलिस आयुक्त को मामले में शामिल व्यक्तियों के पद या रैंक की परवाह किए बगैर उनके खिलाफ कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपनी पोस्ट में वायुसेना अधिकारी द्वारा घटना के बाद सोशल मीडिया में कर्नाटक और कन्नड़ लोगों के बारे में की गई टिप्पणियों को भड़काऊ और अपमानजनक बताते हुए कहा कि कन्नड़ लोगों को अपनी मातृभाषा पर गर्व है। लेकिन वह संकीर्ण और असहिष्णु नहीं हैं। भाषाई मामलों को लेकर दूसरों पर हमला करना या उन्हें गाली देना हमारी संस्कृति नहीं है। सीएम ने सभी कन्नड़ लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वह उकसावे और भावनाओं में न आएं। साथ ही कहा, कानून के पालन के साथ शांति बनाए रखें। कर्नाटक में देश के लोगों द्वारा चुनी गई सरकार का शासन है। वह न्याय, सम्मान के लिए दृढ़ता से खड़ी है।

## खबर संक्षेप

### क्रैश के बाद विमान में ब्लास्ट, पायलट की मौत



**अमरेली।** गुजरात के अमरेली के शास्त्री नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक निजी कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे विमान के पायलट की मौत हो गई। बताया जाता है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विस्फोट हुआ था। जिससे आग लग गई थी। सूचना लगते ही अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों सहित एक काफिला तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, जहां उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। विमान में फंसे पायलट को बाहर निकला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया।

### डेल्टा विमान में लगी आग बाल-बाल बचे 282 यात्री



**फ्लोरिडा।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में रनवे पर आग लग गई। आग की घटना टर्मिनल में मौजूद एक यात्री के मोबाइल में कैद हो गई, जिसके चलते एयरलाइन के कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए। विमान में सवार 282 यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये बाहर निकाला गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एफएए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एयरलाइन ने विमान में आग की घटना के लिए खेद व्यक्त किया है। साथ ही ग्राहकों के सहयोग की सराहना की।

चीन ने अरुणाचल में जगहों के बदले नाम

# सीएम पेमा खांडू बोले-ये उनका पुराना हथकंडा हम इसकी निंदा करते



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 22 जगहों के नाम बदले हैं। इस पर सीएम पेमा खांडू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये चीन का पुराना हथकंडा है। उन्होंने कहा कि चीन के अरुणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम बदलने की बात नई नहीं है, ये तीसरी या चौथी बार किया है। चीन की इस कार्रवाई का हम अरुणाचल की ओर से इसकी आलोचना करते हैं।

पेमा खांडू ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का असर दिख रहा है। चीन सीमा के विकास का काम काफी पहले से कर रहा है। हमने दो साल पहले इसको शुरू किया है। सीमा इलाके में सड़क बनाने का काम शुरू किया है, लोगों के जीवन स्तर को सुधारने को लेकर हम लोग तमाम काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा किफ्रांटियर हाईवे बनने का काम शुरू किया है। ये 2500 किमी का हाईवे बनेगा। इसके बनने से सेना की आवाजाही आसान होगी। साथ ही अरुणाचल के लोगों के लिए भी आसान हो जाएगा।

### नाम बदलना पॉलिटिकल स्टंट

वहीं अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री पीडी सोना ने कहा कि हमारे प्रदेश के कई इलाकों का नाम बदलना, चीन का महज पॉलिटिकल स्टंट है। हम इसकी परवाह नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा अरुणाचल प्रदेश को अपने देश का हिस्सा क्लेम करता रहा है, लेकिन यहां का कल्चर भारतीय सरकार के प्रति यहां के लोगों का समर्पण दिखाता है। चीन के बोलने से कुछ नहीं होता अरुणाचल प्रदेश के लोगों को भारतीय होने पर गर्व है। हालांकि, सरहद के उस पार यानी चीन अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर रहा है। लेकिन अब कुछ साल से भारत सरकार भी इन इलाकों के लिए काफी कुछ कर रही है। ऐसा विकास हो रहा है जिसके बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं होगा।

### तोड़ा रनवे का काम शुरू

सीएम ने बताया कि मेचुका में एयरपोर्ट का एडवांस लैंडिंग ग्राउंड है, वहां भी तोड़ा रनवे का काम शुरू किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के भारत-चीन बार्डर के मेचुका गांव में पहली बार इंटरनेशनल एडवेंचर रेस का आयोजन हुआ। इसमें मलेशिया अमरीका के अलावा देश विदेश के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। मेचुका में 100 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया है।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिजनेस समिट में जेडी वेंस बोले

# पीएम मोदी कठिन वार्ताकार, हम चाहते हैं कि भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण दें



मुंबई हलचल / जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार संग चार दिवसीय जयपुर दौरे पर हैं। राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट में जेडी वेंस ने कहा कि यूएस दुनिया में सबसे जुड़ा सैन्य अभ्यास करता है। भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है।

अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं। मोदी के कठिन वार्ताकार स्वभाव पर वेंस ने कहा कि पीएम मोदी बहुत सख्त नेगोशिएटर हैं। वे भारतीय उद्योगों के हितों के लिए दृढ़ता से लड़ते हैं। मैंने स्वयं देखा कि वे अपने देश के व्यापारिक हितों की कितनी मजबूती से रक्षा करते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मुझसे कह चुके हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी हार्ड नेगोशिएटर (कठिन वार्ताकार) हैं।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है। अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं।

रक्षा और उर्जा क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है अमेरिका

पीएम मोदी के साथ ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई

### ट्रंप ने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया

वेनिस ने कहा कि आलोचक राष्ट्रपति ट्रंप की ट्रैरिफ़ पालिसी की आलोचना कर रहे हैं, कह रहे हैं कि ट्रंप ने ट्रेड वार शुरू कर दिया है। यह सही नहीं है, जबकि उन्होंने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका प्रशासन ट्रेड पार्टनरशिप करना चाहता है, जो संतुलित हो। वेंस ने बताया कि फरवरी में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग और समझौतों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारें ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत कर रही हैं और जल्द ही नतीजों तक पहुंचेंगी। मैंने पीएम मोदी के साथ भी चर्चा की, और ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई है।

### भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी

*वेंस ने कहा कि यह मेरी पहली भारत यात्रा है, जहां मेरी पत्नी के माता-पिता का जन्म हुआ। भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी है। भारत की प्राचीन वास्तुकला, समृद्ध इतिहास और परंपराओं ने मुझे बहुत प्रभावित किया। भारत का भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण भी प्रेरणादायक है। परंपरा और भविष्य के प्रति यह संतुलन भारत को अद्वितीय ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे वेवन की पीएम हाउस में खाना इतना पसंद आया कि उसने मुझसे कहा, डैड हमें इंडिया में ही रहना चाहिए।*

### दोनों देश बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं

वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के विजन को साकार करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे देशों के बीच अंतिम समझौते के लिए रोडमैप तैयार करता है। मुझे विश्वास है कि भारत और अमेरिका मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। मैं आज सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करना चाहता हूं, विशेष रूप से दोनों देश कैसे एक साथ काम कर सकते हैं।

### भारत के बाजार में पहुंच चाहते

*जेडी वेंस ने कहा, हम भारत के लिए न्यूक्लियर रिक्टर डिजाइन करना चाहते हैं। इसलिए हम रक्षा और उर्जा में भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोग भारत के बाजार में और पहुंच एक्सेस चाहते हैं, जिसमें कटिंग एज टेक्नोलॉजी, कंस्यूमर गुड्स जैसे सेक्टर शामिल हैं। भारत और अमेरिका मिलकर कई क्षेत्रों में सहयोग से आगे बढ़ेंगे।*

### वेंस परिवार का राजस्थान सीएम ने किया स्वागत

वेंस परिवार संग मंगलवार सुबह नौ बजे जयपुर का आमेर किला देखने पहुंचे। जहां पर राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने वेंस और उनके परिवार का स्वागत किया। जयपुर के आमेर महल में जलेब चौक पर हथिनी चंदा और पुष्पा द्वारा अमेरिका के उपराष्ट्रपति का स्वागत किया गया। साथ ही यहां मौजूद लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, कालबेलिया नृत्य और बांसुरी वादन कर राजस्थानी लोक कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने आमेर महल, कांच से बने शीशमहल, पन्ना-मीना कुंड और अनोखी म्यूजियम का दौरा किया।



### खाई में गिरी वैन 16 की मौत

**इस्लामाबाद।** दक्षिणी पाकिस्तान में एक तेज रफ्तार वैन खाई में गिर गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। 30 अन्य लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना सोमवार को सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में हुई। दुर्घटना पहाड़ी क्षेत्र में उस वक्त हुई, जब वैन के चालक ने तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वैन खाई में गिर गई। वैन पंजाब प्रांत के लापारी से सिंध प्रांत के बादिन जा रही कोल्ही जनजाति के सदस्यों को ले जा रही थी। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे।

### पुलिस मुठभेड़ में मरा बच्चू डॉन

**जम्मू।** जम्मू पुलिस द्वारा पंजाब से लाए जा रहे वांछित अपराधी मुश्ताक अली उर्फ राज अली उर्फ बच्चू डॉन की मौत पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हो गई। आरोपी को जम्मू लाया जा रहा था, इसी दौरान उसने पुलिस पर अचानक हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान किकरी मोड़, बाड़ी ब्राह्मण निवासी के रूप में की गई है। आरोपी कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था और पंजाब से हिरासत में लिया गया था। यह घटना पुलिस थाना बिश्नाह में दर्ज की गई है। जिलाधिकारी (डीएम) जम्मू ने मृतक के पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का एक मेडिकल बोर्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बंगाल जल रहा

हुजूर आते आते बहुत देर कर दी

# मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जाएंगी ममता, हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगी

## मुर्शिदाबाद, मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में लोग बेघर

मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करेंगी। यह दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए होगा। एक सरकारी कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी। हिंसा में 3लोगों की जान चली गई थी और कई घर छोड़कर भाग गए। विरोध प्रदर्शन मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जैसे कई अन्य जिलों में भी फैल गया। इन इलाकों से आगजनी, पत्थरबाजी और सड़क जाम की खबरें आईं।

पिछले हफ्ते, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने ममता के अनुरोध को दरकिनार करते हुए मुर्शिदाबाद का दौरा किया था। राज्यपाल बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को सुरक्षा की भावना चाहिए। उन्होंने यह भी वादा किया कि वे उनकी चिंताओं को केंद्र और राज्य सरकारों के सामने उठाएंगे। बोस ने कहा था कि वे (पीड़ित) सुरक्षा की भावना चाहते हैं और निश्चित रूप से कुछ अन्य मांगें या जो भी सुझाव उनके द्वारा दिए गए हैं, उन सभी पर विचार किया जाएगा... हम उनके संपर्क में रहेंगे। निश्चित रूप से, बहुत प्रभावी सक्रिय कदम उठाए जाएंगे।



### हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया

मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने सत्ता में आने पर कार्रवाई करने का वादा किया है। बीजेपी ने ममता बनर्जी की आलोचना तेज कर दी है। सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा के पीछे के लोगों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की धमकी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया जा रहा है। उन्होंने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बेनर्जी पर स्थिति को संभालने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने उन पर जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया।



### सीपीआईएम ने न्यायिक जांच की मांग

*सीपीआईएम ने इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। उसने भाजपा और टीएमसी दोनों पर बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए सीबीआईएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि दोनों पार्टियां 2026 के राज्य चुनावों से पहले मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने के लिए मिलीभगत कर रही हैं। लेफ्ट पार्टी ने ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक बड़ी रैली के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।*

### वेतन की व्यवस्था हम करेंगे, आप स्कूल आएं: ममता



यहां शिक्षक भर्ती विवाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया और 26 हजार शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द हो गई। अब सभी शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच सीएम ममताने शिक्षकों को वेतन का आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग मुख्यालय के बाहर शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। इस बीच ममता ने शिक्षकों से कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### हिंसा के 8 आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद दंगों के सिलसिले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. हिंसा के तार ओडिशा से जुड़े हैं। दंगाई यहां मजदूर बनकर छिपे थे। इधर जम्मू-कश्मीर के रामबन में भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और सड़कें अवरुद्ध हैं। पकड़े गए लोग मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में शामिल थे। बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स की एक 6 सदस्यीय टीम ने झारसुगुड़ा में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। पुलिस को इनपुट मिला था।

### बंगाल में मुस्लिम भी मारे गए: सिन्हा



*शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि आप 100 करोड़ हैं, यहां 25 करोड़ मुस्लिम रहते हैं। उनका तो सुनते रहते थे कि इस्लाम खतरे में है। अब ये कह रहे हैं कि हिंदू खतरे में हैं। हिंदू- मुस्लिम नहीं मारे गए। भारत माता की संतान मारे गए। दो मौत हिंदुओं की हुई तो एक मुस्लिम भी मारा गया। आप कितनी जगह सुन रहे हैं कि एक मुस्लिम भी मारा गया? जो लोग पकड़े जाते हैं, उनको बंगाली भी नहीं आती.। क्या इसके पीछे साजिश नहीं थी?*

# 'कोविड वैक्सीन लगवाने से हुआ विकलांग', शख्स ने किया दावा




**गाज़ियाबाद।** कोविड वैक्सीन के कारण हुए नुकसान के खिलाफ दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्वीकार करने पर अनिच्छा जाहिर की। SC ने याचिकाकर्ता को सुझाव दिया कि उसे क्षतिपूर्ति वाद दायर करना चाहिए। याचिकाकर्ता प्रवीण कुमार के अधिवक्ता ने याचिका स्वीकार करने का पुनः आग्रह किया। इस पर जस्टिस एजी मसीह के साथ बेंच की अगुवाई कर रहे जस्टिस बीआर गवई ने टिप्पणी की कि यदि आप याचिका को यहां लंबित रखते हैं, तो 10 साल तक यहां कुछ नहीं होगा, आपको सिर्फ यही उम्मीद रहेगी कि मामला यहां लंबित है। 10 साल तक इस याचिका का नंबर नहीं आएगा। यदि आप मुकदमा दायर करते हैं, तो कम से कम आपको कुछ त्वरित राहत मिलेगी, एक साल, दो साल, तीन साल में, आपको कुछ राहत मिलेगी। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि याचिका कैसे स्वीकार की जा सकती है? इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पुरुषोत्तम शर्मा त्रिपाठी कोर्ट में कहा कि वैक्सीन के कारण नुकसान के बारे में दो समान याचिकाएं पहले से ही अदालत के समक्ष लंबित हैं और समन्वय पीठों की ओर से नोटिस जारी किए जा चुके हैं। याचिकाकर्ता विकलांगता से पीड़ित है और उसकी याचिका को अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ा जा सकता है। इस पर बेंच ने कहा कि याचिका से ज्यादा फायदा क्षतिपूर्ति वाद दायर करने से होगा। बाद में याचिकाकर्ता के वकील के समय मांगने पर बेंच ने सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका केंद्र सरकार और कोविड वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के खिलाफ दायर की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि वैक्सीन के कारण उसके दोनों पैरों में शत प्रतिशत विकलांगता आ गई है। याचिका में इलाज खर्च व क्षतिपूर्ति की मांग के अलावा देश में टीकाकरण, खासकर कोविड वैक्सीन, के बाद प्रतिकूल प्रभावों के प्रभावी समाधान के लिए उचित दिशा-निर्देश देने की मांग की गई है।

### अमेरिका में बोले भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन

# विकसित भारत का सपना पूरा करने हर साल 80 लाख नौकरियां पैदा करना जरूरी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन ने कहा कि भारत को 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले 10-12 सालों तक हर साल 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके साथ ही, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को बढ़ाना होगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय में आयोजित 'कोलंबिया इंडिया शिखर सम्मेलन 2025' में नागेश्वरन ने यह बात कही।

नागेश्वरन ने कहा, हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है। भारत के विस्तृत क्षेत्र के अलावा सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगले 10-20 सालों तक बाह्य वातावरण उतना अनुकूल नहीं रहने वाला है, जितना 1990 से शुरू होकर पिछले 30 वर्षों में रहा होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा, जो आज के विकसित देशों को अपनी विकास यात्रा में नहीं झेलना पड़ा।



## विनिर्माण और एमएसएमई का महत्व

*उन्होंने बताया किया कि, 'भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारतीय व्यवसायों को शामिल करना होगा और एक मजबूत लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र विकसित करना होगा। नागेश्वरन ने कहा, जो देश विनिर्माण क्षेत्र में महाशक्ति बन गए, वे लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के बिना ऐसा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निवेश दरों को बढ़ाने या मौजूदा निवेशों से अधिकतम लाभ प्राप्त करने की आवश्यकता है, क्योंकि वैश्विक पूंजी प्रवाह पर भी असर पड़ सकता है।*

## नौकरियों पर एआई का प्रभाव

नागेश्वरन ने चेतावनी दी कि एआई और प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव से शुरूआती स्तर की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा, अगर आप उन नौकरियों की संख्या पर गौर करें जिन्हें हमें सृजित करने की जरूरत है, तो यह सालाना करीब 8 मिलियन यानी 80 लाख नौकरियां हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआती स्तर की नौकरियों को खत्म करने में बड़ी भूमिका हो सकती है।

## निर्यात और आर्थिक वृद्धि की चुनौती

उन्होंने कहा कि भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता अब पहले जितनी आसान नहीं होगी। गुणवत्ता, अनुसंधान एवं विकास, और आंतरिक रूप से लॉजिस्टिक्स और अंतिम-मील कनेक्टिविटी पर अपना काम बढ़ाना होगा। नागेश्वरन ने बताया कि कोविड के बाद भारत ने पिछले तीन सालों में 8% से अधिक की औसत वृद्धि दर हासिल की है, लेकिन इसे बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास के मुताबिक, 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.5% रहने की उम्मीद है।

# अखिलेश यादव को यूपी पुलिस की नसीहत, थानेदारों की तैनाती में भेदभाव के आरोप पर डीजीपी ने दिया जवाब

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा, "थानाध्यक्षों की नियुक्ति सरकार के आदेश पर होती है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरें झूठ हैं जो लोग इतने जिम्मेदार पद पर हैं, उन्हें इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए।" डीजीपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही ऐसी सूचनाएं निराधार हैं और इनका खंडन करने के लिए संबंधित जिलों की पुलिस पहले ही आंकड़े जारी कर चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में ऐसी कोई गलत सूचना फैलाई जाती है, तो हम उसकी सच्चाई सामने लाएंगे। उन्होंने दावा किया कि



पुलिसकर्मियों की तैनाती प्रदेश के सभी जिलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप की गई है। उन्होंने पुलिस व्यवस्था पर अनावश्यक सवाल नहीं उठाने की अपील भी की। वहीं दूसरी ओर अखिलेश के दावों के जवाब में आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने आंकड़े जारी कर बताया कि उनके




यहां 39 प्रतिशत ओबीसी और 18 प्रतिशत एससी वर्ग के थानेदार तैनात हैं, जबकि ओबीसी के लिए मानक केवल 27 प्रतिशत है। मैनपुरी पुलिस ने भी खुलासा किया कि उनके जिले में 31 प्रतिशत ओबीसी और 19 प्रतिशत एससी वर्ग के थानेदार कार्यरत हैं। चित्रकूट पुलिस के मुताबिक उनके 12 थानों में से 3 में ओबीसी, 2 में एससी-एसटी और 7 में अन्य वर्ग के थानाध्यक्ष तैनात हैं। प्रयागराज पुलिस ने भी अखिलेश के पोस्ट पर जवाब देते हुए उसे असत्य बताया है। प्रयागराज पुलिस ने बयान दिया कि थाना प्रभारी की नियुक्ति के लिए कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा, सामाजिक सद्भाव व जन शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर योग्य कर्मचारियों का चयन किया जाता है। प्रयागराज में तैनात लगभग 40 प्रतिशत थाना प्रभारी ओबीसी और एससी-एसटी वर्ग से हैं। इन पदों पर नियुक्ति एक निष्पक्ष प्रक्रिया के द्वारा की जाती है।

# टीबी रोग जड़ से हो जाएगा खत्म
## लक्षण पहचान ऐसे करें इलाज



मायकोइक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया के कारण फैलने वाला टीबी एक संक्रमण रोग है। पेट, किडनी, रीढ़ की हड्डी या ब्रेन में टीबी होना आजकल बहुत आम हो गया है। इसके कारण मरीज को सीने में दर्द, भूख न लगना, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, तेज खांसी, कफ और बुखार होने लगता है। इस रोग का शुरूआती इलाज न करने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। परिवार में किसी एक सदस्य को यह रोग होने पर बाकि लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए, खासकर बच्चों को ऐसे रोगी से दूर रखें। क्योंकि सिर्फ खांसने और छिकनें से भी यह जीवाणु एक से दूसरे व्यक्ति तक पहुंच जाते है। एक रिसर्च के अनुसार हर साल 4,00,000 लोग लापरवाही के कारण इस बीमारी की चपेट में आ जाते है। इस रोग के होने पर आप डॉक्टरों की दवाओं के साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं, जिससे यह रोग जल्द से जल्द दूर हो जाएगा। तो आइए जानते है टीबी के घरेलू नुस्खें और लक्षण , जिससे आप इस बीमारी को दूर कर सकते है।

**टीबी के लक्षण**

3 हफ्ते तक लगातार खांसी
भूख न लगना
वजन कम हो जाना
बुखार और ठंड लगना
लगातार खांसी के साथ बलगम व खून निकलना
सांस लेने में तकलीफ
गर्दन की ग्रंथियों में सूजन
सीने में दर्द
थकान, कमजोरी

**टीबी रोग के घरेलू उपाय:-**

**1. लहसुन**

सल्फयूरिक एसिड से भरपूर लहसुन टीबी के कीटाणुओं को खत्म करने में मदद करता है। इसके लिए आधा चम्मच लहसुन, 1 कप दूध और 4 कप पानी को एक साथ उबालें। इसे दिन में 3 बार पीने से टीबी रोग दूर हो जाता है।

**2. शहद**

200 ग्राम शहद, 200 ग्राम मिश्री, 100 ग्राम घी को अच्छी तरह मिक्स कर लें। दिन में 2-3 बाद इसे टीबी मरीज को चटाए और इसके बाद गाय या बकरी का दूध पिला दें। इससे टीबी जड़ से खत्म हो जाएगी।

**3. पीपल के पत्ते**

पीपल के पत्तों को जलाकर इसकी 10 ग्राम राख को 20 ग्राम तक बकरी के गर्म दूध में मिक्स करें। इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर रोजाना पीएं। टीबी रोग हमेशा के लिए दूर हो जाएगा।

**4. संतरा**

टीबी रोग होने पर ताजा संतरे के जूस में नमक और शहद मिलाकर रोजाना सुबह-शाम पीएं। इसके अलावा संतरा खाने से भी टी बी के रोगी को फायदा होता है।

**5. काली मिर्च**

फेफड़ों में जमा कफ और खांसी को दूर करने के लिए थोड़े से मक्खन में 8-10 काली मिर्च फ्राई करके इसमें 1 चुटकी हींग मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण को तीन बराबर भागों में बांटकर दिन में 7-8 बार लें।

**6. हींग**

1 चुटकी हींग में आधा कप प्याज का रस मिलाएं। रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन टीबी रोग को 1 हफ्ते में ही दूर कर देता है।

# Dark lips की वजह से न हो शर्मिंदा, अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

चेहरे की खूबसूरती में होंठों की एक अहम भूमिका होती है। वहीं गुलाबी होंठ पाना हर किसी की तमन्ना होती है लेकिन प्रदूषण के कारण होंठ ड्राई होने लगते है। ड्राईनेस के कारण धीरे-धीरे होंठों का रंग भी काला होने लगता है। यह प्रॉब्लम ज्यादातर सर्दियों में होती है। दरअसल, सर्दी के मौसम में हम पानी कम पीते है जिसके कारण होंठ ड्राई होने लगते है। इसके अलावा ठंडी हवाओं से भी होंठों में नमी कम होने लगती है। आज हम आपको बताते हैं कि आखिर क्यों होंठों का रंग काला हो जाता है और कैसे आप अपने होंठों को नैचुरली तरीके से गुलाबी कर सकते है।

**होंठ काले होने के कारण**

वैसे तो होंठों का रंग काला होना आम है लेकिन कई बार इसके कारण हमें दूसरों के सामने शर्मिंदा होना पड़ता है खासकर महिलाओं को। सूर्य की किरणों, डाइट में पौष्टिक आहार न लेना, पानी कम पीना, ज्यादा ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करना, चाय व काफी का अधिक सेवन करना या फिर धूम्रपान के कारण होंठों का रंग काला हो जाता है।

**होंठों का कालापन दूर करने के घरेलू नुस्खे**

**1. नींबू का रस**

नींबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें मौजूद ब्लीचिंग गुण कालापन दूर करने में मदद करते है। नींबू के रस में थोड़ा-सा पानी मिलाकर होंठों पर लगाने से कुछ ही दिनों में कालापन दूर होगा।

**2. शहद**

शहद नैचुरली मॉइस्चॉइजर के रूप में काम करता है। थोड़ा-सा शहद लेकर अपने होंठों पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। रोजाना ऐसा करने होंठों का रंग गुलाबी होगा।

**3. दूध और गुलाब की पंखुड़ियां**

पुराने समय में होंठों को गुलाबी बनाने के लिए दूध और गुलाब के



पेस्ट का इस्तेमाल किया जाता था। इसके लिए कच्चे दूध में कुछ गुलाब की पंखुड़ियां डालकर अच्छे से पीस लें फिर इस पेस्ट को होंठों पर लगाएं। कुछ दिन लगातार ऐसा करने से आप खुद ही फर्क महसूस करेंगे।

**4. चीनी का स्क्रब**

होंठों का कालापन दूर करने के लिए चीनी का स्क्रब भी काफी फायदेमंद है। इससे डेड स्किन दूर होगी। इसके लिए एक टीस्पून चीनी में एक टीस्पून शहद मिलाकर अच्छे से मिक्स करें और फिर होंठों पर लगाएं। बाद में पानी से धो लें।

**5. चुकंदर**


चुकंदर का नैचुरली रंग लाल होता है। इसकी स्लाइस होंठों पर रगड़ें। इससे होंठों का कालापन दूर होगा। इसके अलावा इसका जूस पीना भी काफी फायदेमंद है।

**6. जैतून का तेल**

जैतून का तेल स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। होंठों पर जैतून का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इससे होंठ गुलाबी होंगे।

# इस तरह करेंगे नारियल तेल का इस्तेमाल तो सर्दियों में भी चमकेगी त्वचा

नारियल तेल का इस्तेमाल खाना बनाने से लेकर ब्यूटी बढ़ाने तक किया जाता है। ये एक ऐसा तेल है जो हर घर में आसानी से मिल जाता है। वहीं, त्वचा के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं। सर्दियों में इसका इस्तेमाल करने से ड्राई स्किन जैसी कई स्किन प्रॉब्लम्स दूर होती है। आज हम आपको बताते हैं कि कैसे आप नारियल तेल से अपनी स्किन खूबसूरत बना सकते है।



**1.बॉडी स्क्रब बनाएं**

अगर आप चाहते है कि आपकी त्वचा भी सेलिब्रिटी की तरह दमकती रहें तो नारियल तेल में शक्कर मिलाकर बॉडी पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ देर बाद धो लें। इस स्क्रब के रोजाना इस्तेमाल से आपकी त्वचा पर चमकदार बनेगी।

**2. मेकअप रिमूवर**

नारियल तेल को सबसे अच्छा और प्राकृतिक क्लींजर माना जाता है। यह आपका मेकअप हटाने के साथ-साथ त्वचा में जमी गंदगी और बैक्टीरिया को भी हटाता है। एक कॉटन पैड पर नारियल तेल लगाकर मेकअप रिमूव करें।

**3. बालों के लिए संजीवनी बूटी**

बालों को घना,चमकदार और खूबसूरत बनाने में नारियल तेल चमत्कारी रूप से काम करता है। यह बालों को दिन भर की धूल-मिट्टी व अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाता है। सप्ताह में दो से तीन बार अगर आप इस तेल को गुनगुना करके बालों की जड़ों में मसाज करते है तो दो मुंहे बालों की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**4. त्वचा के लिए फायदेमंद**

नारियल का तेल एक बेहतरीन प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है। यह आपकी त्वचा को डिटॉक्सीफाई करता है और प्रदूषण से बचाता है। अगर आप चाहते है कि बदलते मौसम में भी आपकी त्वचा स्वस्थ रहे तो नहाने के बाद नियमित रूप से त्वचा पर नारियल तेल लगाएं।

**5. प्राइमर**


नारियल तेल को आप मेकअप प्रॉडक्ट की तरह भी इस्तेमाल कर सकते है। फाउंडेशन लगाने से पहले नारियल तेल की कुछ बूंदे प्राइमर के तौर पर लगाएं। यह फाउंडेशन के लिए बेस का काम करेगा साथ ही आपके चेहरे को पूरा दिन मॉइश्चराइजर भी प्रदान करेगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'मां-बहन' में माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी






तृप्ति डिमरी ने बीते दिनों खूब सुर्खियां बटोरी है। तृप्ति की फिल्म भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। वह इस फिल्म में माधुरी दीक्षित के साथ नजर आई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन अहम भूमिका में थे। फिल्म को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। तृप्ति और माधुरी की जोड़ी अब एक और फिल्म में नजर आएगी। सुरेश त्रिवेणी फिल्म का डायरेक्शन कर रहे हैं। फिल्म का नाम मां बहन रखा गया है। कम समय में ही तृप्ति ने जबरदस्त शोहरत हासिल की है। तृप्ति को बीते दिनों कई बड़ी फिल्मों के ऑफर मिले थे। पीपिंग मून ने अपने रिपोर्ट में दावा किया है कि माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन में बन रही फिल्म मां बहन में नजर आएंगी। पोर्टल ने ये भी बताया है कि यह नेटफ्लिक्स ओरिजिनल फिल्म है यानी यह सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म में रवि किशन और धारना दुर्गा भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। अपने एक इंटरव्यू में माधुरी दीक्षित ने खुद अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में खुलासा किया था और बताया था कि उनका अगला प्रोजेक्ट दर्शकों को चौंका देगा। माधुरी ने कहा था, मैं इस साल खुद को बड़ी चुनौती देने जा रही हूं।

# विराट कोहली का फोन देख हंसने लगी प्रीति जिंटा

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच मैच के बाद विराट कोहली और प्रीति जिंटा की मुलाकात हुई। इस दौरान विराट कोहली ने अपने फोन से प्रीति जिंटा को कुछ दिखाया, जिसे देखकर प्रीति जिंटा जोर से हंसते हुए नजर आई। दोनों के बीच यह क्यूट मोमेंट कैमरे में कैद हो गया और इस वीडियो को देखकर फैंस अब यह अंदाजा लगा रहे हैं कि विराट कोहली ने अपने बच्चों की शरारत का वीडियो प्रीति जिंटा को दिखाया है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के बच्चे अकाय और वामिका की एक झलक पाने के लिए फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अभी तक उन्होंने अपने बच्चों की तस्वीर सार्वजनिक नहीं की है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच मैच के बाद प्रीति जिंटा से विराट कोहली की मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आईपीएल 2025 चल रहा है मैच के बीच प्रीति जिंटा और विराट कोहली का यह वीडियो वायरल हुआ है। भले ही दोनों प्रतिद्वंदी टीम से ताल्लुक रखते हैं लेकिन दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग नजर आ रही है। विराट कोहली का फोन देखकर प्रीति जिंटा हंसते हुए नजर आई है। इसी बीच अब यूजर्स में अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है कि विराट कोहली अपने बच्चों की तस्वीर प्रीति जिंटा को दिखा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा है कि विराट ने प्रीति को अकाय की तस्वीर दिखाई होगी।





# शाहिद के फैंस के लिए खुशखबरी

**बॉलीवुड** एक्टर शाहिद कपूर अक्सर अपनी धमाकेदार फिल्मों को लेकर छाए रहते हैं। उन्होंने पद्मावत, कबीर सिंह, उड़ता पंजाब जैसी शानदार फिल्में की हैं और अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। वहीं अभिनेता ने क्राइम-थ्रिलर सीरीज फर्जी से साल 2023 में ओटीटी पर डेब्यू किया था और यह सीरीज जबरदस्त हिट हुई थी। हालांकि, इस सीरीज के बाद से फैंस इस शो के दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं और अब फाइनली फर्जी 2 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद कपूर स्टारर फर्जी सीक्वल, फर्जी 2 के दिसंबर 2025 में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि राज और डीके की जोड़ी फिलहाल रक्त ब्रह्मांड में व्यस्त है और इसे रैप करने के बाद वो फर्जी 2 के प्री-प्रोडक्शन के लिए आगे बढ़ेंगे और दिसंबर तक इसे फ्लोर पर ले जाने के लिए तैयार होंगे। खास बात ये है कि राज और डीके ने शाहिद कपूर के साथ सीक्वल को लेकर मीटिंग्स भी की हैं और फर्जी सीक्वल में शाहिद कपूर का सामना एक बार फिर विजय सेतुपति और के के मेनन से देखने को मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक शाहिद कपूर की फर्जी 2 का प्रीमियर 2026 के सेकेंड हाफ में अमेजन प्राइम वीडियो पर होने की उम्मीद जताई जा रही है, बता दें, इसे लेकर अभी तक आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन कथित तौर पर, शाहिद दिनेश विजान की कॉकटेल 2 की शूटिंग खत्म करने के बाद ही फर्जी की शूटिंग करने को कहा जा रहा है।

